ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 05.12.2020

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- **मा0 मंत्री वित्त,संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा श्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा नगर निगम, शाहजहाँपुर क्षेत्रान्तर्गत इलेक्ट्रिक बसो के संचालन हेतु अंकन रू0 7.67 करोड़ से निर्मित होने वाले चार्जिग स्टेशन/मेन्टीनेन्स डिपो के निर्माण कार्य का शिलान्यास।**

- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार प्रत्येक जोन में प्रातःकाल चलाया गया स्वच्छता अभियान**

1. मो0 ककरा कलां में आयोजित कार्यक्रम में मा0 मंत्री वित्त,संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा श्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा नगर निगम,शाहजहाँपुर क्षेत्रान्तर्गत राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के अर्न्तगत इलेक्ट्रिक बसो के संचालन हेतु अंकन रू0 7.67 करोड़ से निर्मित होने वाले चार्जिग स्टेशन/मेन्टीनेन्स डिपो के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह, उप नगर आयुक्त आशुतोष कुमार दुबे, महाप्रबन्धक (जल) श्री वी0एन0द्विवेदी, मुख्य अभियन्ता श्री दिनेश चन्द्र सचान, नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री ओ0पी0 गौतमएवंगणमान्य नागरिकउपस्थितरहे।

2. नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार आज दिनांक 05.12.2020 को जोनल अधिकारी/उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे द्वारा जोन–1 के अर्न्तगत मो0 बाडूजई प्रथम की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मो0 बाडूजई प्रथम मे हाथी वाली कब्र के पास मैदान में गन्दगी पायी गई। इसी मोहल्ले में धोबी वाली गली में रहने वाले नागरिको द्वारा अवगत कराया गया कि यहाँ पर सफाई का कार्य लगभग एक सप्ताह से नही हो रहा है। इस गली की सफाई/नाली की व्यवस्था वास्तव मे सुचारू रूप से नही पाई गई। हाथी वाली कब्र के पास स्थित मैदान की पूर्ण सफाई व्यवस्था जे0सी0वी/ट्रैक्टर ट्राली मौके पर लगाकर करा दी गई है। धोबी वाली गली मे सफाई कर्मी लगाकर सफाई व्यवस्था करा दी गई।साथ ही सफाई एवं खादय निरीक्षक को श्री पवन कुमार को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से गली की सफाई व्यवस्था कराई जाये।

3. नगर आयुक्त महोदय के दिये गये निर्देश के क्रम मे आज दिनांक 05.12.2020 को जोनल अधिकारी/सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती द्वारा जोन–2 के अर्न्तगत मो0 तारीन टिकली की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।निरीक्षक के दौरान, सफाई एंव खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल सिंह एंव सफाई नायक श्री राजकुमार उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय सफाई कर्मचारियों द्वारा गलियो मे झाडू, नाली एंव कूड़ा उठाये जाने का कार्य किया जा रहा था।मो0 तारीन टिकली मे शिव शक्ति ट्रेडर्स के पास, श्री प्रेमसागर के मकान के बाहर, श्री रामचन्द्र के मकान के पास एंव रोड़ पर कई स्थानों पर पाईप लाईन में लीकेज होने के कारण पानी बह रहा था व कई स्थानों परटोटियाँ टूटी हुई थी व कई जगह टोटियाँ नही पायी गई।जिससे पानी की अत्यधिक बर्बादी हो रहीहै।वार्ड में सभासद वाली गली में वहाँ के निवासी श्री अरविन्द सक्सेना एंव श्री प्रमोदपाल द्वारा अपने मकान के शौचालय का मल बहाव सीधे नाली में बहाया जा रहा था,

Scanned with CamScanner

जिस पर तत्काल जुर्माना किये जाने हेतु सफाई एंव खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल सिंह को निर्देशित किया गया। वार्ड मे श्री बाला जी नमकीन शाप के पास लगा हैण्डपम्प में गंदा पानी आ रहा है।वार्ड के निवासी श्री आरिफ खान द्वारा यह अवगत कराया गया कि वार्ड में लगे सफाई कर्मचारी श्री राजू द्वारा कूड़ा जलाया जाता है, जिस हेतु सफाई एंव खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल सिंह को निर्देशित किया जाता है कि उक्त सफाई कर्मचारी का स्पष्टीकरण लेकर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।वार्ड के निवासी श्री अवनीश श्रीवास्तव द्वारा शिकायत की गई कि कई स्थानो पर नालियाँ बंद है, जिसकी तत्काल तलीझाड़ सफाई कराये जाने हेतु सफाई एंव खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल सिंह को निर्देशित किया गया। वार्ड मे मल्हार टाकीज के पास लगी हाईमास्ट को दिन मे जलती हुई पायी गई साथ अन्य कई स्थलो पर पोल्स पर लगी लाईटे भी दिन मे जलती हुई पायी गई। जिस हेतु प्रकाश अधीक्षक श्री अनवार को तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

4. नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार मे आज दिनांक 05.12.2020 को जोन–3 के अर्न्तगत रौजा आदर्श नगर कालोनी में महाप्रवन्धक (जल) श्री विशुद्धानन्द द्विवेदी द्वारा सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई।

**सफाइ व्यव्स्था के निरीक्षण के दौरान प्रत्येक जोन मे स्वच्छ सर्वेक्षण के प्रति नागरिको को जागरूक किये जाने हेतु ई–रिक्शा पर स्वच्छता सेसम्बन्धित बैनर लगाकर ध्वनि विस्तारक यंत्र द्वारा स्वच्छता सम्बन्धी संदेश प्रसारित कराया गया।**

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर

Scanned with CamScanner